**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**
**पत्रांक— 3586 /11—सी—FP/UP/Pipeline/153911/2022, लखनऊ, दिनांकः मई 12 ,2023**

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

विषयः— जनपद—अमेठी में ग्रीन गैस लि0 द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या—731 (वाराणसी—लखनऊ मार्ग के बायी पटरी) के किमी0 112.000 (सुलतानपुर/अमेठी जिला बार्डर) से किमी0 115.588 तक, किमी0 122.413 से किमी0 129.293 तक एवं किमी0 147.725 से किमी0 148.825 (निकट संजय गांधी पॉलिटेक्निक कॉलेज, जगदीशपुर) तक कुल लम्बाई 11.568 किमी0 एवं 0.34704 हे0 संरक्षित वनभूमि पर बिना वृक्ष पातन के मार्ग के किनारे ओपन ट्रेन्च/एच0डी0डी0 तकनीकी के माध्यम से भूमिगत 10 इंच व्यास की कार्बन स्टील गैस पाइप लाइन बिछाये जाने के संबंध में।

संदर्भः— उ0प्र0 शासन का पत्रांक—पी0—297/81—2—2022—800(319)/2022, दिनांक 26.09.2022 एवं वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0, सरयू वृत्त, अयोध्या का पत्रांक—3280/14—10, दिनांक 28.04.2023

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। उ0प्र0 शासन के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति में निहित शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0, सरयू वृत्त, अयोध्या के उपरोक्त पत्रांक—3280/14—10, दिनांक 28.04.2023 द्वारा इस कार्यालय को दिनांक 09.05.2023 को उपलब्ध कराया गया है तथा प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एन0पी0वी0 की धनराशि एड—हॉक कैम्पा में ऑनलाइन e-payment portal के माध्यम से ई—चालान द्वारा जमा किया गया है, जिसकी पुष्टि संलग्न है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन ''परिवेश'' पोर्टल पर अपलोड कर दो प्रतियों में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः—उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**संख्या— 3586 /11—सी—FP/UP/Pipeline/153911/2022, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0, सरयू वृत्त, अयोध्या।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, अमेठी वन प्रभाग, अमेठी।
3. मुख्य प्रबन्धक, ग्रीन गैस लि0, प्रथम तल, 436 अन्तरदीप काम्पलेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या।

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-613